हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार, 23 मई 2024

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

14 जेल में विचाराधीन बंदियों को मिले बुनियादी...

14 समर कैंप में बच्चों को मिल रहा विभिन्न गतिविधियों...

यहां डॉक्टर के आने का कोई समय निर्धारित नहीं, मिलने वाली सुविधाओं से भी वंचित

अस्पताल में गर्भवती महिलाओं का इलाज भगवान भरोसे

विधायक के निरीक्षण में अस्पताल में नहीं मिले बीएमओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

विकासखंड के शहीद संतराम साहू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों की मनमानी चरम पर है, इसलिए यहां इलाज कराने आने वाले मरीज खासा परेशान हैं। यहां के जिम्मेदार ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के अलावा डॉक्टर समय पर सीएचसी नहीं पहुंचते, जिसके कारण वनांचल क्षेत्रों से इलाज कराने आने वाले मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। इस कारण बिना इलाज के ही घर लौटना पड़ता है या फिर मजबूरन उन्हें निजी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ता है। आलम यह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल की हालत बद से बत्तर होते जा रही है। वजह यहां का लचर सिस्टम। विदित हो कि बीते 9 मई को गर्भवती महिलाओं का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में गर्भवती से संबंधित कई जांच की जाती है। इस दौरान 9 मई को 40 गर्भवती महिलाएं जांच कराने सीएचसी कसडोल सुबह 9 बजे से पहुंची थीं, लेकिन जिस डॉक्टर साहिबा को इलाज और जांच करने की जिम्मेदारी मिली है, वह मैडम रायपुर से अपने समय पर आती है, जबकि बीते 9 मई को स्टॉप नर्स गर्भवती महिलाओं को डॉक्टर आने के बारे में पूछने पर अभी आ रही थोड़ी देर में आएगी कहकर गुमराह किया जाता रहा। अंततः डॉक्टर साहिबा दोपहर 1.30 बजे के बाद हॉस्पिटल पहुंची और गर्भवती महिलाएं भीषण गर्मी में इंतजार करती रही। इसके बाद मैडम साहिबा खानापूर्ति कर राजधानी ⏩ शेष पेज 12 पर

अस्पताल में अनेक समस्याएं

इधर अस्पताल परिसर में गंदगी का आलम है। 50 बिस्तरों वाला अस्पताल में केवल एक ही वॉटर फिल्टर लगा है। यहां के शौचालय में न दरवाजा है और न ही किसी भी शौचालय में सफाई है। ऐसे हालतों में यहां इलाज कराने आने मरीजों और परिजनों को परेशानियों से जूझना पड़ता है। इसके अलावा मेन्यू के विपरीत मरीजों को पेटी में लगे कांट्रेक्टर द्वारा गुणवत्ताविहीन भोजन दिया जा रहा है। यहां के अस्पताल में शिलिंग पंखा कई महीनों से खराब है। साथ ही निरीक्षण के दौरान स्टॉफ के लोगों ने कहा कि डेढ़ सालों से सीसीटीवी कैमरा भी खराब है, मगर यहां के बीएमओ के अलावा तमाम जिम्मेदारों को थोड़ा सा भी जिम्मेदारी नहीं है। इधर विधायक ने अव्यस्थाओं पर नाराजगी जाहिर करते हुऐ तत्काल सीएमएचओ को दूरभाष पर जानकारी देने के साथ निरीक्षण कर कार्रवाई करने की बात कही है।

सुबह से दोपहर लग जाता है डॉक्टर को अस्पताल पहुंचने

उल्लेखनीय है कि स्त्री रोग विशेषज्ञ मैडम को रायपुर से आते आते सुबह से दोपहर हो जाता है। जब तक मैडम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल पहुंचती है तब तक ओपीडी बंद हो जाती है और जांच के लिए आई महिलाएं वापस घर लौट जाती है। जांच के लिए पहुंची दया चेलक, कंचन साहू, अंजली ने बताया कि सुबह 9 बजे से पहुंचे थे, लेकिन मैडम 1 बजे तक नहीं पहुंची थी। साथ ही हम लोग काफी समय से इन्तेजार रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि यहां गर्भवती महिलाओं के शासन द्वारा 100 प्रति गर्भवती महिलाओं को फल फ्रूट खिलाने के लिए दिया जाता है, मगर यहां आज तक किसी भी गर्भवती महिलाओं को फल फ्रूट वितरण नहीं किया गया। सूत्रों की माने तो इन्ही गर्भवती महिलाओं के पैसे से ड्यूटी पर रहने वाले डॉक्टर और स्टॉफ के लोग समोसा और भजिया खाते हैं। यहां ओपीडी के पास एक वाटर फिल्टर लगा हुआ है, मगर इतनी गर्मी में वाटर फिल्टर खराब हो चुका है, इतनी भीषण गर्मी है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गर्मी से बचने के लिए कई उपाय बताया जा रहा है, दूसरी तरफ कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के लिए पानी की अच्छी व्यवस्था नहीं है। आलम यह की मजबूरन मरीजों और परिजनों को भीषण गर्मी में वाटर फिल्टर से निकलने वाली गर्म पानी को पीकर गुजारा करना पढ़ रहा है।

मिली खामियां

लगातार मिल रही शिकायत पर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। कई खामियां मिला है, बीएमओ नदारत रहें, रजिस्टर में 2 माह से हस्ताक्षर नहीं था। इसके अलावा कई खामियां मिली है। अगर सुधरा नहीं तो मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सहित तमाम जिम्मेदारों के पास लिखित में शिकायत के करने अलावा विधानसभा में मामले को रखा जायेगा।

संदीप साहू, विधायक, कसडोल

पिता का इलाज करवा रहा हूं

मैं अभी रायपुर आया हूं। अपने पिताजी के उपचार के लिए, इसलिए मैं हॉस्पिटल में नही था।

राकेश प्रधान, बीएमओ, कसडोल

मीटिंग में हूं

अभी मैं मीटिंग में हूँ बाद में बात करता हूँ।

डॉ. एमपी महेश्वर, सीएमएचओ, बलौदाबाजार

निरीक्षण में पहुंचे विधायक संदीप साहू, मिली खामियां

लगातार मिल रही शिकायतों के बाद बुधवार को कसडोल विधायक संदीप साहू शहीद संतराम साहू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औचक निरीक्षण में पहुंचें। निरीक्षण के दौरान संदीप साहू ने पूरा अस्पातल का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान अस्पताल में अव्यवस्थाओं का आलम नजर आया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यहां पदस्थ बीएमओ राकेश प्रधान अस्पताल परिसर से ही नदारद मिले। विधायक के बार-बार पूछने पर स्टॉफ के लोगों ने दबी जुबान से बताया कि बीएमओ सप्ताह भर में 1 से 2 दिन अस्पताल पहुंचते हैं, बाकी दिन राजधानी के निजी अस्पताल में सेवा देते हैं। इसके अलावा कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. वंदना भेले को गर्भवती महिलाओं के इलाज के लिए विशेष तौर पर यहां पदस्थ किया गया है, जिन्हें सप्ताह में सीएमएचओ के अनुसार 5 दिन अस्पताल पहुंचने की जिम्मेदारी है, मगर मैडम भी महीने भर में 1 दिन अस्पताल पहुंचती है, वह भी 1 से 2 बजे और बीएमओ के साथ इनको भी सैलरी पूरे माहभर की लाखों में मिलती है।

उपस्थिति पंजी में दो माह से हस्ताक्षर नहीं

विधायक के निरीक्षण में डॉक्टर वंदना भेले बीते 9 मई को डेढ़ बजे अस्पताल आई थी, उसके बाद आज दिनांक तक मैडम हॉस्पिटल पहुंची ही नहीं। निरीक्षण के दौरान विधायक रजिस्टर खंगालते रहें। मौजूद स्टॉफ आनाकानी करता रहा और कोई भी सटीक जवाब न दे सका। रजिस्टर में बीएमओ के अलावा उक्त मैडम का 2 माह से हस्ताक्षर ही नहीं हुआ था और दोनों जिम्मेदारों को लाखों का भुगतान भी हो रहा है। सवाल यह उठता है कि जब बीएमओ साहब उपस्थित रजिस्टर में ही हस्ताक्षर नहीं किये तो महीने की सैलरी भुगतान आखिर कौन से फर्जी दस्तावेज लगाकर किसके इशारों में भुगतान कर दिया गया या ऐसे ही कई अन्य कर्मचारियों का भी भुगतान किया जा रहा है, यह जांच का विषय है।

यह रहें मौजूद - निरीक्षण के दौरान नगर पंचयात अध्यक्ष नीलू चंदन साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल अध्यक्ष दयाराम वर्मा, निरेंद्र क्षत्रिय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश बंजारे, कमलेश साहू, गायत्री कैवर्त्य,चंदन साहू, हेमलाल साहू, राजेश कन्नौजे, पंकज जयसवाल, द्वारिका निर्मलकर, कमल पटेल, बसंत श्रीवास, भावेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

खबर संक्षेप

पंचायत प्रस्ताव के बिना काटे गए 90 पेड़, पटवारी ने लगाई रोक

बलौदाबाजार। ग्राम पंचायत भटभेरा में बेस कीमती पेड़ों की कटाई किये जाने की जानकारी होने पर तहसीलदार के निर्देश पर पटवारी ने कार्रवाई करते हुए रोक लगाई। ग्रामीणों के अनुसार बबुल पेड़ जो नया तरिया पार में हजारों की संख्या में है। यहां के 93 नग पेड़ को सरपंच जितेंद्र निषाद के निर्देश पर किसी वजह से कटाई किया जा रही थी। इसकी शिकायत होने पर कटाई पर रोक लगाई गई। जानकारी में पेड़ों की कटाई पंचायत प्रस्ताव के बिना और बगैर ग्रामीणों को सूचना किए प्रभारी सरपंच जितेंद्र निषाद द्वारा करायी जा रही थी। जानकारी होते ही तहसीलदार ने तत्काल पटवारी को जगह पर भेज काम बंद करवाया, तब तक 91 पेड़ काटे जा चुके थे।

युवक की इलाज के दौरान मौत

महासमुंद। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम पठारीपाली से गिधामुड़ा जाने का मार्ग में बाइक चलाते हुए गिर जाने से इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक बिदेश सिदार पिता बाबूलाल (29) ग्राम भैंसादरहा थाना झारबंध ओडिशा निवासी अपनी बाइक सीजी 06 पीए 0850 को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाने के चलते दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गंभीर चोट आने के बाद उसे रायपुर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में जुर्म दर्ज कर लिया है।

महिला ने की मारपीट

महासमुंद। खेत में पानी जाने को लेकर हुए एक व्यक्ति की उसकी भाभी ने पिटाई कर दी। मामला खल्लारी थाना अंतर्गत ग्राम झारा का है। प्रार्थी ने इस घटना को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रार्थी बालाराम साहू पिता परसराम साहू निवासी ग्राम झारा ने पुलिस को बताया कि 19 मई 2024 को दोपहर करीब 1.30 बजे मेरी भाभी दूधबाई साहू द्वारा खेत के पानी को मेरे खेत की तरफ क्यों आने देते हो कहते हुए गाली गलौज कर डंडे से मारपीट किया।

ट्रेलर ने बाइक को मारी टक्कर, तीन लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

नेशनल हाईवे पर मंगलवार को ट्रेलर ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दिया। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं घटना रात की होने पर राहगीरों की भीड़ नहीं थी, लेकिन ट्रैलर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात करीब 10 बजे ग्राम ढेकुना निवासी ज्योध्या प्रसाद मारकंडेय व उसके मामा का बेटा राकेश बंजारे और उसका दोस्त अमित डहरिया लिमतरा तिगड्डा से मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 डीके 4623 में बैठकर वापस ग्राम ढेकुना आ रहे थे। ढेकुना ओवरब्रिज के ऊपर एनएच 130 में पीछे से आ रही ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएल 4637 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दिया। घटना इतनी जबर्दस्त थी कि मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई।

वहीं गंभीर रूप से घायल अमित डहरिया को इलाज के लिए रायपुर ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। प्रार्थी सोनाचंद मारकंडेय 67 वर्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ट्रेलर चालक के विरुद्ध धारा 304 कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। उल्लेखनीय है कि नेशनल हाईवे मार्ग में आए दिन लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, जिसका प्रमुख कारण नशीले पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाना है। सिमगा नगर सहित क्षेत्र के गांव-गांव में शराब नशीली दवाएं एवं अन्य नशीले पदार्थों के आसानी से मिलने पर लोग इनके सेवन करने के आदि होते जा रहे हैं, जिसके चलते लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

समर कैंप में बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करा रहे स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुड़ा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान में ग्रीष्म कालीन समर कैंप में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा बच्चों को विभिन्न गतिविधियों की कला सीखायी जा रही है। स्वयंसेवक चित्रकला, डांस, मॉडल, पेंटिंग, सेल्फ डिफेंस, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी सहित अनेक गतिविधियों की जानकारी दे रहे हैं। सुबह 7 से 9 बजे तक यह आयोजन किया जा रहा है। भीषण गर्मी में गांव में जाकर स्वयंसेवक जल ही जीवन है कि उपयोगिता के बारे में जागरूकता अभियान चला रहे हैं। साथ ही लू से बचाव के बारे में भी स्वयंसेवक अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं जो सराहनीय कार्य है।

तेज अंधड़ और बारिश से छाया अंधेरा...

महासमुंद। बुधवार की शाम तेज हवा आंधी के साथ बारिश हुई। इससे बिजली बंद होने से शहर में अधेंरा छाया रहा।

हत्या का प्रयास करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने दोबाचा, जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- प्राण घात हमाला के बाद आरोपी दो साल से फरार चल रहा था

घर के बाहर खड़ी वाहनों में तोड़फोड़ परिजनों पर प्राणाघात हमला करने के बाद फरार आरोपी को पुलिस ने दो साल बाद दबोच लिया। आरोपी के सहयोगी साथियों को पुलिस ने घटना के चंद दिनों में बारी-बारी से गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रामकुमार साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31 जुलाई 22 की रात में खाना खाकर परिवार वालों के साथ सो गये थे। रात करीबन 10.30 बजे योगेश सेन एवं उनके साथी द्वारा घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर तूफान को तोड़फोड़ करने के बाद घर के दरवाजा को तोड़कर घर अंदर खड़ी स्कूटी, मोटर सायकिल, स्कार्पियो घर के खिड़की दरवाजा कुर्सी उनके साथी द्वारा तलवार, लोहे का राड, चाकू से तोड़फोड़ करते हुये करते हुये बड़े भाई रामचंद साहू को योगेश सेन एवं प्राण घातक हमला किए। इस घटना में रामचंद्र के सिर बांये हाथ पैर में चोट आयी है। बीच बचाव करने आये भतीजा नीलकमल साहू, उत्तम साहू, भाभी अमोला साहू, मेरी बेटी वर्षा साहू को भी चाकू डण्डा से योगेश सेन और उनके 15–20 साथी द्वारा जानलेवा हमला कर मारे हैं। पुलिस ने धारा 307, 427, 456, 294, 506, 34, 147, 148, 459 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर जांच शुरू की। घटना के बाद से आरोपी फरार थे।

इस मामले में पुलिस ने घायल नीलकमल साहू, उत्तम साहू, अमोला साहू, रामचंद्र साहू का मुलाहिजा कराया। घायलों को धारदार हथियार से मार्मिक अंग में कई एवं गंभीर चोटें आई थी।

विवेचना के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। घटना रामकुमार साहू के मकान सामने लोहे के दरवाजे को आरोपियों ने भीड़ के सांध घुसकर हिंसा कराना पाया गया। साथ ही ट्रैक्टर, क्लूजर, स्कार्पियो, स्कूटी, मोटर सायकिल में तोड़फोड़ किए। इसके बाद खिड़की दरवाजे को तोड़कर घर अन्दर में लोगों पर जानलेवा हमला कर हत्या का प्रयास किया है। घटना स्थल में खून के निशान एवं जमकर हिंशा के साक्ष्य मिले। विवेचना के दौरान गवाह रामकुमार साहू, उत्तम साहू, धनेश कुमार मरकाम का कथन लिया गया है। गवाहों ने बताया कि घर के सामने भोला वगैरह से गाड़ी रफ चलाने ⏩ शेष पेज 12 पर

3 दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण

बच्चों में उत्सुकता बढ़ाने बालवाड़ी प्रभारियों व आंबा कार्यकर्ताओं ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावशाली क्रियान्वयन के लिए विकासखण्ड तिल्दा में 3 दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें विकासखण्ड तिल्दा के 53 बालवाड़ी केंद्रों के प्रभारियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बच्चों में शिक्षा और विद्यालय के प्रति रोचकता पैदा करने के लिए कभी भालू, शेर बनकर जानवरों के बारे में बताया गया, तो कभी पेड़ पौधा बनकर पेड़ की विशेषताओं के बारे में बताया गया। साथ ही खेल कूद करके विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की क्षमता विकास हेतु अनेक जतन किये गये। इन तीन दिवसों में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने खूब उत्साह, लगन और पूर्ण सहभागिता देते हुए प्रशिक्षण को आनंदपूर्वक व सफलता पूर्वक सम्पन्न किये।

विकासखण्ड स्तरीय 3 दिवसीय बालवाड़ी प्रशिक्षण के समापन अवसर में विकासखण्ड स्त्रोत केंद्र समन्वयक एसके शर्मा ने कहा कि विकासखण्ड के सभी बालवाड़ी प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा कराई जा रही विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण अत्यंत रोचक बन गया है, जो बच्चों के हित में है और निश्चित रूप से उनके क्षमता विकास में अत्यंत कारगर सिद्ध होगा। कार्यक्रम में उपस्थित मेजबान विद्यालय शासकीय हाई स्कूल तुलसी (नेवरा) के प्राचार्य एसपी वर्मा ने कहा कि इतने बढ़े हुए तापमान में भी आप सभी द्वारा नौनिहालों के भविष्य निर्माण में अथक मेहनत और लगन बहुत ही सराहनीय है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपने कार्यक्षेत्र में जाकर यथार्थ रूप प्रदान करेंगे। समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसपी वर्मा, विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक तिल्दा एसके शर्मा, बालवाड़ी ब्लॉक नोडल अधिकारी व संकुल समन्वयक घिवरा कैलाश बघेल उपस्थित थे।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

खबर संक्षेप

राधिका ने भेजा नोटिस का जवाब, कहा- सुशील के दावे गलत

रायपुर। कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय मीडिया कोआर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने नोटिस का जवाब दिया है। उन्होंने कई तथ्यों के खुलासे किए हैं। कोरबा के रिसॉर्ट में क्या हुआ उनके साथ, ये भी नोटिस के जवाब में लिखा गया है। दरअसल छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेता सुशील आनंद शुक्ला से आपसी विवाद के बाद राधिका ने सुशील पर कई आरोप लगाए। विवाद बढ़ा तो सुशील ने मानहानि का नोटिस भेजा था, जिसका जवाब राधिका ने दिया है। उन्होंने सुशील के दावों को गलत बताकर तीन दिन में माफी मांगने की बात कही है। राधिका खेड़ा के वकील हरिंदर सिंह की ओर से भेजे गए जवाब में बताया गया है कि राधिका खेड़ा को 1 फरवरी 2024 के दिन जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा चल रही थी, तब कोरबा के जश्न रिसॉर्ट में रात में सुशील आनंद शुक्ला और धनंजय सिंह ठाकुर ने राधिका को कई बार अनुचित तरीके से शराब की पेशकश की थी। सुशील ने राधिका के इन्हीं दावों की वजह से लीगल नोटिस भेजा था, इसे राधिका की ओर से सही तथ्य बताते हुए मानहानि लीगल नोटिस को अनुचित बताया गया है।

आतंकवाद विरोधी दिवस पर राजभवन में ली गई शपथ

रायपुर। आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर मंगलवार को राजभवन में सचिवालय की उप सचिव हिना अनिमेष नेताम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने तथा विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास बनाए रखने, मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन के मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली शक्तियों से लड़ने की भी शपथ ली।

मूणत का दावा-ओडिशा में बनेगी भाजपा की सरकार

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा विधायक राजेश मूणत बीते कई दिनों से ओडिशा के पुरी में भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्हें रोज अलग-अलग अंदाज में जनसंपर्क करते देखा जा रहा है। मतदान के लिए महज 3 दिनों का वक्त बचा है, ऐसे में उन्होंने चुनाव प्रचार में अपनी ताकत झोंक दी है। मंगलवार को श्री मूणत ने स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मोटरसाइकिल रैली में हिस्सा लिया। इस दौरान वह खुद दोपहिया वाहन चलाते नजर आए। श्री मूणत ने सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बाइक रैली का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरी शहर के कई हिस्सों में भ्रमण करके आम जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

कार की टक्कर से घायल एक्टिवा सवार की मौत

रायपुर। कार की टक्कर से घायल एक्टिवा सवार अधेड़ की इलाज के दौरान मौत मामले में राजेंद्र नगर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 20 मई को दोपहर 12 बजे एक्सप्रेस-वे अमलीडीह के पास की है। प्रार्थी राजेंद्र निषाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना के समय आरोपी कार क्रमांक सीजी-04, एचएम-4050 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही से चलाते हुए एक्टिवा सवार रामजी दीवान निवासी प्रोफेसर कॉलोनी पुरानी बस्ती को ठोकर मार दी थी। घटना के बाद गंभीर हालत में उन्हें डीकेएस अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 304ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

चौधरी बोले- पांच साल में जीडीपी को 5 से 10 लाख करोड़ पहुंचाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का कहना है, हमारी प्रदेश की भाजपा सरकार विकास के नए आयाम लिखने का काम करेगी। प्रदेश में निजी कंपनियां निवेश करेंगी। निवेश का माहौल बनाने सरकार संकल्पबद्ध है। हमारा लक्ष्य पांच साल में जीडीपी को 5 लाख करोड़ से 10 लाख करोड़ पहुंचाना है। पिछली कांग्रेस सरकार के समय भ्रष्टाचार ज्यादा हुआ है। इसी के साथ निवेशकों को प्रताड़ित करने का काम होता था। पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चौधरी ने प्रदेश में जीडीपी को बढ़ाने के लिए निवेशकों का आना बहुत जरूरी है। कहां-कहां, क्या-क्या संभव है, उस दृष्टिकोण से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इससे निश्चित रूप से परिणाम बेहतर आएंगे। विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में निवेश भी होगा जीडीपी भी एक ऐतिहासिक तरीके से आगे बढ़ेगी। श्री चौधरी ने राजस्व बढ़ाने को लेकर कहा, हर प्रणाली में पूरी व्यवस्था में पारदर्शिता आती है, टेक्नोलॉजी आती है, व्यवस्था सुधरती है, तो सरकार के खजाने में ज्यादा पैसे जाता है और भ्रष्टाचारियों के जेब में पैसा कम जाता है। दुर्भाग्य से पिछले सरकार ने व्यवस्था को बिगाड़ने का काम किया था, ताकि भ्रष्टाचार के जेब में ज्यादा पैसा डाल सकें। इससे सरकार के खजाने में पैसा कम आया। इस कारण से इसे सुधारने के लगातार प्रयास किया जा रहे हैं।

कांग्रेस सरकार में केवल भ्रष्टाचार हुआ, निवेशक भी होते थे प्रताड़ित

कांग्रेस सरकार में था माफिया राज

श्री चौधरी ने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, पिछली सरकार में भ्रष्टाचार था, माफिया राज था। जो निवेशक आते थे, उनको भी तरह-तरह से प्रताड़ित करते थे, इसलिए निवेशक दूर से ही भाग जाते थे और जो आए वह भी काफी प्रताड़ित हुए हैं।

रजिस्ट्री की प्रक्रिया में बदलाव और सरलीकरण

श्री चौधरी ने रजिस्ट्री की प्रक्रिया में बदलाव और सरलीकरण को लेकर कहा, पूरी रजिस्ट्री की प्रक्रिया में सुधार के लिए प्रयास किया जा रहा है। आम जनता को टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए आसानी से सुविधा उपलब्ध हो सके, इसकी कोशिश की जा रही है। इसके साथ ही व्यवस्था में जो कुछ गड़बड़ियां हैं, जिससे लोगों को गड़बड़ी करने का मौका मिलता है, उन सब पर सुधार की दिशा में भी बड़े स्तर की परियोजना बनाई जा रही है। रणनीति काफी हद तक तैयार है, निश्चित रूप से सभी लोगों को इससे लाभ होगा। टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए पारदर्शिता लाने के लिए सुविधाओं में वृद्धि होगी।

पहले टेंडर में माना देशी अहाता के लिए एक भी आवेदन नहीं आया था

सरेंडर अहातों का ठेका सेकेंड ऊंची बोली वाले को नहीं, विभाग दोबारा निकालेगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले में सरेंडर किए गए अहातों का दोबारा टेंडर निकाला जाएगा। इससे पहले विभाग ने सरेंडर होने की स्थिति में अहाता का ठेका सेकेंड नंबर पर ऊंची बोली लगाने वालों को दिए जाने का नियम बनाया था, लेकिन अचानक इस नियम में बदलाव करते हुए दोबारा टेंडर निकाले जाने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद विभाग ने सरेंडर हुए 5 अहातों के साथ माना देशी अहाता के लिए भी दोबारा टेंडर निकाले जाने की तैयारी शुरू कर दी है। पहले टेंडर में माना देशी अहाता के लिए एक भी आवेदन नहीं आया था। इसके कारण यह अहाता ठेके पर जा नहीं पाया था। रायपुर जिले में 56 अहातों के लिए ऑनलाइन टेंडर बुलाया था। इनमें से माना देशी अहाता को छोड़कर 55 अहातों का टेंडर दिया गया था। इनमें से सभी अहाते सरकारी तय रेट से डेढ़ से दो गुना अधिक बोली में गए थे। सबसे ज्यादा बोली में गंजपारा का अहाता गया था। जिस रेट में अहाते गए थे, उसे लेकर विभागीय अधिकारी भी हैरान थे। वे मानकर चल रहे थे कि कई लोग अहाता सरेंडर कर सकते हैं। उनकी उम्मीद के अनुसार 5 लोगों ने अहाता सरेंडर भी कर दिया, जिसके बाद विभाग ने इन पांच लोगों के नाम ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। इसके साथ ही आवेदन के साथ जो रकम जमा की गई थी, उसे भी जब्त कर लिया है।

हरिभूमि रायपुर भूमि

टेंट में अहाता... स्टाल भी लगा

शराब दुकान के पास अहाता संचालित करने का ठेका फायनल होने के दूसरे-तीसरे दिन से ही ठेकेदारों ने बगैर उचित व्यवस्था किए ठेले तथा टेंट में इसका संचालन शुरू कर दिया है। माठागांव स्थित देशी, विदेशी शराब दुकान के पास टेंट में अहाता संचालित किया जा रहा है। इसी तरह से पुराना बस स्टैंड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के बाजू में अस्थायी तौर पर स्टाल लगाकर अहाता संचालित किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी से साथ राज्य में पियक्कड़ों के लिए शराब पीने सुरक्षित ठिकाना उपलब्ध कराने अहाता की व्यवस्था की गई है। राजधानी में 14 मई को अहाता का ठेका होने के बाद ज्यादातर ठेकेदारों ने ढंग की व्यवस्था किए बगैर ही अहाता शुरू कर दिया है। ऐसे में आसपास खाली शीशियां, खाली चखना पैकेट, प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास समेत तमाम तरह की गंदगी फैली दिख रही है। हरिभूमि की टीम रविवार को शराब दुकानों के पास संचालित अहातों की पड़ताल करने पहुंची तो अव्यवस्थाओं के बीच अहाता संचालित होना ▶▶शेष पेज 13 पर

बिलासपुर में 61 अहातों का टेंडर दोबारा

बिलासपुर जिले में भी 64 में से 61 अहातों का ठेका लोगों ने सरेंडर कर दिया था। सूत्रों के अनुसा इसके बाद इन सभी लोगों के नाम ब्लैक सूची में डाल दिया गया है। ऐसी भी खबर है कि विभाग सरेंडर हुए इन अहातों के लिए दोबारा टेंडर निकालने की तैयारी में है।

दोबारा टेंडर होगा

विभाग से मिले आदेश के अनुसार माना देशी सहित सरेंडर हुए 5 अहातों के लिए दोबारा टेंडर निकाला जाएगा। इसके लिए तैयारी की जा रही है। सबसे ऊंची बोली के आधार पर ही ठेका दिया जाएगा।

- विकास गोस्वामी
उपायुक्त, आबकारी विभाग रायपुर

इतने में बिके थे, अब इससे कम लग सकती है बोली

देशी उरला अभनपुर 45 लाख 11 हजार, विदेशी सड्डू 28 लाख 35 हजार, विदेशी कटोरातालाब 45 लाख 11 हजार, विदेशी फाफाडीह 30 लाख 65 हजार एवं देशी कम्पोजिट संतोषीनगर का ठेका 28 लाख 11 हजार में गया था।

इन अहातों के लिए फिर निकाला जाएगा टेंडर

अहाता चलाने से इनकार करने के बाद देशी उरला अभनपुर, विदेशी सड्डू, विदेशी कटोरा तालाब, विदेशी फाफाडीह एवं देशी कम्पोजिट संतोषीनगर अहाता का ठेका निरस्त किया गया है। इन सभी अहातों के लिए टेंडर निकाला जाएगा। इसके साथ माना देशी अहाता का भी टेंडर होगा।

अब कम बोली लगने की संभावना

अहाता सरेंडर करने का कारण ऊंची बोली हो सकती है। लोगों ने अहाता से जमकर मुनाफा कमाएंगे सोचकर जोश में सरकारी तय रेट से डेढ़ से दो गुना अधिक की बोली लगा ली थी। टेंडर में नाम निकलने के बाद यह सोचकर अहाता सरेंडर कर दिए कि इससे उन्हें ज्यादा मुनाफा नहीं होगा। संभवतः घाटा भी हो सकता है। इधर दोबारा टेंडर निकालने के बाद अब संभावना जताई जा रही है कि लोग सरकारी तय रेट से ज्यादा कीमत की बोली नहीं लगाएंगे। यानी बोली की कीमत घट सकती है।

छात्रावास-आश्रमों में इंटरनेट एवं सीसीटीवी कैमरा की रिपोर्ट मुख्यालय ने मंगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आदिम जाति विभाग के सचिव सह आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने सभी सहायक आयुक्तों को उनके छात्रावास-आश्रमों में इंटरनेट एवं सीसीटीवी कैमरा की स्थिति की समीक्षा कर एक रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके। नवीन छात्रावास-आश्रमों एवं अन्य भवनों के के निर्माण कार्यों के लिए भूमि का चिन्हांकन तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के लिए भूमि चयन के संबंध में भी मुख्यालय रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व बच्चों के लिए कक्षावार पुस्तकें, कॉपियां, गणवेश एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए।

परियोजना प्रशासक एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास के साथ समीक्षा बैठक में श्री दुग्गा ने कहा, अब तक स्वीकृत हुए सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्रों की पोर्टल में शीघ्र प्रविष्टि करें। साथ ही जिन वन अधिकार पत्र धारकों की फौत हो चुकी है, उनके वारिसानों की जानकारी एकत्र कर संबंधित अभिलेखों में सुधारने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करें।

पीएम जनमन योजना के प्रगति की समीक्षा

इसके अलावा पीव्हीटीजी के सर्वांगीण विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत आदर्श ग्रामों के चिन्हांकन की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। जिले में पदस्थ सहायक आयुक्त/परियोजना प्रशासक एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को पीएम जनमन योजना के लक्ष्यों को प्राप्त करने में आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य सभी नोडल विभागों से भी आवश्यक सहयोग लेने के निर्देश दिए।

लंबित प्रकरणों का निपटारा करने ओआईसी नियुक्त करें

प्रत्येक पीवीटीजी बसाहट के पास ही शिविर लगाकर हितग्राहियों का आधार कॉर्ड, राशन कॉर्ड, जनधन खाता, आयुष्मान कॉर्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही सभी हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र शीघ्र उपलब्ध कराए जाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने जिलेवार लोक आयोग के लंबित प्रकरणों एवं अन्य न्यायालयीन प्रकरणों के लंबित रहने के संबंध में नाराजगी जाहिर की एवं इन प्रकरणों के लिए शीघ्र ओआईसी नियुक्त कर कार्यवाही पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए।

दिल्ली और हरियाणा में प्रचार करेंगे बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज दिल्ली और हरियाणा में कांग्रेस के पक्ष में प्रचार के लिए पहुंच गए हैं। सिरसा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही कुमारी सैलजा के पक्ष में प्रचार करेंगे। दिल्ली दौरे को लेकर उन्होंने कहा, पार्टी जहां जिम्मेदारी देगी वहां काम करेंगे। हरियाणा और दिल्ली में पार्टी के पक्ष में प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है। दिल्ली रवाना होने से पहले संवाददाताओं से चर्चा में अमित शाह के 4 जून को कांग्रेस ढूंढो यात्रा के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा, यह तय है कि 4 जून को नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। हताशा, निराशा अमित शाह के बयानों में साफ झलक रहा है। कांग्रेस छोड़ भाजपा में गए नेताओं को श्री बैज ने डिस्पोजल बताते हुए कहा, ये लोग कांग्रेस में थे, तब फ्रंट पर रहकर काम करते थे। भाजपा में सभी नेता सिर्फ डिस्पोजल की तरह काम करेंगे। इनके भाजपा में जाने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

पंडरिया हादसे पर कांग्रेस ने कहा- मृतकों को 20 और घायलों को 5 लाख मुआवजा दें

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पंडरिया सड़क हादसे के मृतकों के परिजनों को 20 लाख तथा घायलों को 5 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। सभी प्रभावित लोग तेंदूपत्ता तोड़ने गये थे, आदिवासी वर्ग से हैं। इन सभी को मुआवजे के साथ शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक श्रमिक बीमा योजना के तहत भी लाभ दिया जाना चाहिये। उन्होंने कहा, मृतकों के अंतिम संस्कार में भाजपा सरकार ने संवेदनहीनता की सारी सीमाओं को तोड़ दिया, मृतकों का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया। सरकार ने उनके लिये व्यवस्था करने में कोताही बरती। गृहमंत्री इस मामले में बेहद ही आपत्तिजनक बयान देते हैं कि सभी एक ही गोत्र के थे, इसलिये उनको एक ही चिता में जलाया गया, जबकि आदिवासी समाज में ऐसी कोई प्रथा नहीं है।

आरएसएस का प्रशिक्षण वर्ग 586 शिक्षार्थी ले रहे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गर्मियों में प्रतिवर्ष लगाए जाने वाले प्रशिक्षण वर्गों की श्रृंखला में इस वर्ष छग प्रांत के रायपुर महानगर में संघ शिक्षा वर्ग लगाया गया है। समाज को संगठित करने तथा शाखा कार्य करने की क्षमता अर्जित करने के लिए संघ शिक्षा वर्ग में 19 मई से 15 दिनों के लिए कठोर शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। संघ शिक्षा वर्ग में 586 शिक्षार्थी भाग ले रहे हैं। प्रातः 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक दिनचर्या का पालन करते हुए स्वयंसेवक समय पालन, अनुशासन व समाज के प्रति अपनत्वभाव को आचरण में उतारता है। कृष्णा पब्लिक विद्यालय डुंडा में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में प्रान्त संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा ने कहा, संघ संपूर्ण हिंदू समाज का संगठन है। सारा समाज एक है। ऐसा भाव जागृत करने का कार्य हमें करना है। शाखा कार्य यानी देश के लिए अच्छे व्यक्ति तैयार करना, जिसे हम व्यक्ति निर्माण कहते हैं। हमें हम, मैं और मेरा से ऊपर उठकर प्रत्येक गांव में शाखा और मिलन प्रारंभ करना है। वर्ग के सर्वाधिकारी भगवान दास बंसल ने शिक्षार्थियों से समाज परिवर्तन के लिए नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन पर कार्य करने की प्रेरणा दी।

■ 2 जून तक शाखा कार्य करने का दिया जाएगा प्रशिक्षण

पेज 11 का शेष

अस्पताल में गर्भवती...

लौट गई।

9 और 24 तारीख को होती है गर्भवती महिलाओं की जांच- मिली जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए माह में दो दिवस, जिसमें 9 और 24 तारीख को विशेष जांच के लिए तय किया गया है। इसमें स्वास्थ्य विभाग ने रायपुर से गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष महिला डॉ. वंदना भेले गायनेकोलॉजिस्ट को लगभग 1 सालों से सीएचसी कसडोल में पदस्थ किया गया। मगर मैडम साहिबा कभी-कभार ही हॉस्पिटल पहुंचती है। मैडम जबसे यहां पदस्थ हैं तब से कुछ ही दिवस यहां पहुंची तो जरूर है, मगर वेतन पूरा ली है।

निरीक्षण में अव्यवस्थाओं पर लगाई फटकार- बुधवार को कसडोल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे विधायक संदीप साहू मरीज वार्ड में जाकर मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में रोगियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए ओपीडी सेवाओं भर्ती की सुविधा प्रसव कक्ष, एक्स-रे मशीन प्रयोगशाला रोगी वार्ड एवं प्रसव कक्ष आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर मिल रही सुविधाओं के विषय में भी जानकारी भी प्राप्त की और रक्त जांच केंद्र में जाकर वहां स्वयं रक्त जांच कराया। वहीं क्षेत्र में लगातार मिल रहे डायरिया की शिकायत को लेकर सीएमएचओ से दूरभाष पर बातकर अवगत कराया व डायरिया के उपचार हेतु जगह-जगह शिविर लगाकर उपचार करने की बात कही। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी विभागों में डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मियों से मिले एवं स्वास्थ्य मशीन एवं समाग्रियों का जायजा लिया और कहा की मरीजों के इलाज में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। वहीं निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए डॉक्टर एवं स्वास्थ्यकर्मी के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए नियमित उपस्थिति एवं स्वास्थ्य संबंधित कार्य को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने निर्देश दिए और अव्यवस्था को लेकर कड़ी फटकार लगाई।

हत्या का प्रयास करने...

की बात से आरोपी योगेश सेन से विवाद हुआ था। उसी बात का बदला लेने योगेश सेन, हरिकिशन बादय, जनी भारद्वाज, देवनरायण साहू, जीतू भारद्वाज, अजय नरेश भारद्वाज, गोपू बंजारे हीरादास के साथ मिलकर पूरी तैयारी के साथ खतरनाक हथियार लेकर 15–20 लोग जबरन घर में घुसकर प्राणघातक हमला किये। कई गवाहों ने मकान के आखरी कमरे में घुसकर दरवाजा बंद कर जान बचायी है। यदि दरवाजा बंद नहीं किया होता तो आरोपीगण हत्या कर देते। पुलिस ने आरोपी जनीराम भारद्वाज, देवनरायण साहू, हरिकिशन यादव को 2 अगस्त 22 को, सचिन कुमार चेलक को 12 अगस्त, अजय उर्फ चुड़ामणी साहू को 6 सितम्बर, योगेश सेन को 13 सितम्बर, टेकराम बंजारे, गोपू बंजारे, हीरादास कुर्रे को 16 सितम्बर को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान आरोपी नरेश भारद्वाज से एक लकड़ी का डण्डा जब्त किया गया था। प्रकरण के फरार आरोपी को सायबर सेल प्रभारी प्रियेश जॉन एवं आरक्षकों द्वारा आरोपी जितेन्द्र उर्फ जित्तू भारद्वाज को पता तलाश कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी जगेशर उर्फ जग्गु घृतलहरे से एक बांस का डण्डा जब्त किया है। प्रकरण के आरोपी जगेशर उर्फ जग्गु घृतलहरे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

4 जून को वोटों की गिनती के लिए व्यापक प्रबंध, राज्य के वोटों की गिनती सभी जिलों में

छत्तीसगढ़ के 50 अधिकारी 21 राज्यों में कराएंगे मतगणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए छत्तीसगढ़ के 50 अफसर 21 राज्यों में जाएंगे। इनमें प्रदेश के कई राप्रसे अधिकारी और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शामिल हैं। इन्हें ऑब्जर्वर बनाया गया है। इधर छत्तीसगढ़ की 11 सीटों के लिए हुए मतदान के वोटों की गिनती के लिए 13 सौ से अधिक कर्मचारी अधिकारी तैनात किए गए हैं। ये अधिकारी, कर्मचारी राज्य के सभी जिलों के मतगणना केंद्रों में काम करेंगे।

ये अधिकारी 21 राज्यों में जाएंगे: छत्तीसगढ़ के भी 50 से ज्यादा अधिकारी अलग-अलग राज्यों में पर्यवेक्षक बनकर निगरानी करेंगे। इनमें अविनाश चंपावत को नागालैंड, प्रसन्ना को उत्तरप्रदेश, भीम सिंह यह को दिल्ली, डॉ प्रियंका शुक्ला को तेलंगाना, कुलदीप शर्मा को विहार, विनीत नंदनवार को हिमाचल प्रदेश, संजीव झा को महाराष्ट्र में ऑब्जर्वर बनाया गया है। भीम सिंह दिल्ली, टोपेश्वर वर्मा और तमिलनाडु, कुलदीप शर्मा विहार, तारण प्रकाश सिन्हा गुजरात, राजेंद्र कुमार कटारा गुजरात, डोमन सिंह ने के कर्नाटक, विनीत नंदनवार हिमाचल प्रदेश, प्रियंका शुक्ला तेलंगाना, जनक पाठक, उत्तरप्रदेश, प्रसन्ना, उत्तरप्रदेश, दीपक सोनी राजथान, सारांश मित्तर राजथान, पदुम सिंह एल्मा ओडिशा, सर्वेश भूरे आंध्र प्रदेश, आभा तिवारी उत्तराखंड, कुंजाम झारखंड, सिली थॉमस उत्तरप्रदेश रुचि शर्मा उत्तरप्रदेश, भारती चंद्राकर उत्तरप्रदेश, उज्जवल पोरवाल तमिलनाडु, एका तमिलनाडु, योगेंद्र श्रीवास राजस्थान, विनय कुमार सोनी पंजाब, वैभव कुमार पंजाब, नेहा कपूर ओडिशा, लीना कोसम ओडिशा, माधुरी सोम ठाकुर ओडिशा, विनय शर्मा ओडिशा, आनंद रूप तिवारी ओडिशा, अविनाश चंपावत नागालैंड, ज्योति जुगल मिजोरम, आरती वासनिक मेघालय, पुलक भट्टाचार्य मेघालय, प्रेमलता मांडवी महाराष्ट्र, अनुप्रिया मिश्रा महाराष्ट्र, यामिनी पांडेय गुप्ता महाराष्ट्र, संजीव कुमार झा महाराष्ट्र. प्रणव सिंह महाराष्ट्र, इफ्फत आरा केरल अजय त्रिपाठी केरल, सिम्मी नाहिद कर्नाटक, देव नारायण कश्यप हिमाचल प्रदेश, अवध राम टंडन हरियाणा शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ में 1302 अफसर, कर्मी कराएंगे गिनती

मतगणना के लिए माइक्रो आब्जर्वर की देखरेख में पूरा कार्य रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अफसरों के माध्यम से पूरा कराया जाएगा। निर्वाचन हर लोकसभा के विधानसभाओं के आधार पर 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। इसके साथ ही सभी विधानसभाओं में 60 कर्मचारियों की ड्यूटी लगेगी। यहां 7 काउंटिंग अफसरों के साथ सहायक रिटर्निंग अधिकारी और माइक्रो आब्जर्वर मौजूद रहेंगे। सभी जिलों में डाक मतपत्रों की गिनती पहले होगी। डाक मतपत्रों की गिनती के लिए 110 सहायक रिटर्निंग अफसर लगाए जाएंगे। मतगणना में कुल 1302 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

मतगणना स्थल पर रहेगी ये व्यवस्था

छत्तीसगढ़ की 11 सीटों के लिए हर जिले में मतगणना होगी। राजधानी रायपुर में इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार में वोटों की गिनती होगी। मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं व मतगणना अभिकर्ताओं को कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था के लिए अभ्यर्थी,निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा नियुक्त व्यवस्थापक के माध्यम से भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त किसी एक मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदान किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को अभ्यर्थियों और निर्वाचन अभिकर्ताओं को इन व्यवस्थाओं से अवगत कराने के साथ ही इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए हैं। मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट और गुटका प्रतिबंधित रहेगा।

कांग्रेस मुख्यालय में राजीव गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि, आतंकवाद विरोध दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि दी। उनकी पुण्यतिथि पर प्रदेश के सभी जिलों एवं ब्लाक कांग्रेस के कार्यालयों में आतंकवाद विरोध दिवस पर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महेन्द्र छाबड़ा, महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, अजय साहू, अजय गंगवानी, मणी प्रकाश वैष्णव, अनुभव शुक्ला, शशि भगत, महमूद अली, रमेश राम महंत संहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

गोलोकधाम गौशाला निर्माण के लिए बैठक

भानुप्रतापपुर। क्षेत्र में गौ माता के सम्मान एवं संरक्षण के दिशा में गौ शाला निर्माण हेतु सभी वर्गों की एक बैठक आयोजित हुई। ईश्वर प्रसाद साहू ने बताया समस्त भगवान स्वरूपों का मंदिर बनाया जा रहा है। किंतु जो स्वयं मंदिर स्वरूप है जिनके अंदर अनंत कोटी देवी देवता विराजमान है वह अपमानित होते हुए नजर आती है। साथ ही गौ तस्करी से गोवंश को छुड़ाने के बाद उन्हें रखने में भी भारी असुविधा होती है। क्षेत्र में कुछ ही स्थान पर गोशाला है जो रख रखाव के लिए प्रयाप्त नहीं है।भानुप्रतापपुर क्षेत्र में गौ माता के सम्मान संरक्षण के दिशा में कदम बढ़ाते हुए गौमाता के आवश्यकता अनुसार सर्व सुविधायुक्त गौ शाला निर्माण करने का संकल्प लिया गया। इसी संकल्प से विगत माह पूज्य संत गोपाल मणी देहरादून द्वारा विराट गोकथा का आयोजन भी किया गया था। बैठक में बंशीलाल सोनी ,प्रवीण जैन , चंद्रमौली मिश्रा , नरेश जैन ,जीवन लाल यादव , कस्तूर जैन,शंकर लाल गांधी , आर मार्सकोले , विनय गोगड़ , संजय जैन , कोमल संचेती , सुनील भंसाली , राजू सोनी ,संतोष सिंह आदि गणमान्य जन उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से बंशी लाल सोनी , चंद्रमौली मिश्रा ,जी आर मार्सकोले को समिति का संरक्षक बनाया गया है। आगामी बैठक में समिति का विस्तार किया जाएगा।

निशुल्क चुम्बकीय परामर्श शिविर 25 को

दंतेवाड़ा। एक्युप्रेशर सुजोक वाईब्रेशन एवं चुम्बकीय शिविर के सफल आयोजन के बाद एक बार फिर गीदम में ओसवाल जैन श्री संघ, जेएम चेरिटेबल ट्रस्ट एवं एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में निः शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए नगर के वरिष्ठ नागरिक विमल सुराना ने बताया कि हृदय रोग, कैंसर और हड्डी रोग को लेकर मरीजों व आम नागरिकों को बेहतर उपचार हेतु परामर्श दिया जाएगा। वहीं बीपी, शुगर एवं ईसीजी का चेकअप निः शुल्क कराया जाएगा। सुराना ने बताया कि 25 मई को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक शिविर का आयोजन ओसवाल भवन महावीर नगर वार्ड क्रमांक 4 में होगा। शिविर में डॉ. स्नेहिल गोस्वामी, डॉ. यशवंत कश्यप, डॉ. पंकज पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। विमल सुराना ने कहा कि हृदय, कैंसर, हड्डी रोग की समस्याओं से आज हर दूसरा व्यक्ति पीड़ित है। यह शिविर उनके जीवन को नई दिशा देने में मदद करेगा। इससे पहले हुए शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था। इस शिविर की सबसे बड़ी खासियत यही है, इसमें राजधानी के प्रतिष्ठित डॉक्टर मरीजों को परामर्श देंगे।

परशुराम जन्मोत्सव पर हुआ समाजसेवियों व प्रतिभावान छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा

बागबाहरा में बाइक रैली के बाद डीजे के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा

स्थानीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा रविवार को भगवान परशु राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नगर के प्रतिभावानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाम 5 बजे बाइक रैली के बाद भव्य शोभायात्रा डीजे के साथ निकाली गई, जो साप्ताहिक बाजार मोड़ होते हुए दुर्गा मंदिर वापस पहुंची। शोभायात्रा का स्थानीय अग्रवाल समाज, सिख समाज ने जलपान के साथ स्वागत किया।

वहीं शोभायात्रा में भगवान परशुराम की श्रद्धालुजनों ने भी आरती पूजा की। शोभायात्रा में समाज के विभिन्न आयु वर्ग के पुरुष महिलाओं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंदिर परिसर में कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण समाज के विभिन्न क्षेत्रों के समाजसेवियों, प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया। समाज के अध्यक्ष हरीश पांडेय की अध्यक्षता में विश्वनाथ पाणिग्रही को उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निःस्वार्थ सेवाएं दे पर्यावरण संरक्षण सहित जनहित कार्यों में प्रेरक की महती भूमिका निभाने एवं विजय शर्मा कोमाखान को विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार के माध्यम से



उद्देश्य परक कार्यों को सम्पादित कर कोमाखान सहित विभिन्न स्थानों इतिहास की खोज करने के लिए तथा हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी के कवि रुपेश तिवारी को साहित्य की सेवा सहित कार्यक्रमों के सफल संचालन के अलावा कक्षा दसवीं में 92% अंक प्राप्त करने वाले एव ह्यूनुमन प्राईड स्कूल के छात्र वीर विक्रमादित्य पिता राजेश शर्मा एवं छतीसगढ़ क्रिकेट की अंडर 14 वर्ष टीम के कप्तान नगर के अनमोल द्विवेदी पिता अनुराग द्विवेदी एवं उसी टीम के 100 विकेट हासिल करने वाले बॉलर आयुष द्विवेदी पिता सुरेंद्र द्विवेदी, शैलेष शुक्ला पिता कामतानाथ शुक्ला बागबाहरा कला को क्रिकट अम्पायर छग क्रिकेट संघ के क्रिकेट अंपायर के रूप चयन होने एवं अमन शर्मा पिता पंकज शर्मा माता रश्मि शर्मा को छात्र सैनिक स्कूल अंबिकापुर में 10वीं में (सीबीएससी) 91 प्रतिशत अंक से परीक्षा उतीर्ण करने पर सम्मानित किया गया।

भगवान परशुराम का पं. आचार्य केशव पांडेय, पं. कैलाश दुबे एवं पं. मोहरप्रसाद पाठक ने वैदिक रुप से पूजन अर्चन करा सामूहिक भारती कार्यक्रम संपन्न कराया। जिसमें पं. नरेंद्र दुबे, प.भागीरथी दुबे सहित पं.लक्ष्मीनारायण शास्त्री के अलावा अध्यक्ष हरीश पांडेय सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी, सदस्य, महिलाएं, बच्चों ने शिरकत की। इस अवसर पर 90 वर्षीय हरीश पांडेय एवं विभा पांडेय दंपत्ति का उनकी समाज की सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सम्मानित किया गया। अंत में महाप्रसादी में सामाजिकजनों के अलावा नगर के नागरिकों ने भी भाग लिया।

बायोडायवर्सिटी दिवस: ग्रीन केयर ने बामनसरा के 400 वर्षीय बरगद को संरक्षित करने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा

अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा बामनसरा के उम्रदराज बरगद के वृक्ष जो कि 400 पुराना तथा जैव विविधता का अनुपम उदाहरण है। छत्तीसगढ़ के इस धरोहर को संरक्षित करने, इसे पर्यटन से जोड़ने की मांग की है। बामनसरा के विशाल उम्रदराज बरगद वृक्ष को संरक्षित करने के अभियान में जुटे ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही एवं वरिष्ठ सदस्य इतिहासकार डॉ विजय शर्मा ने कहा कि हम निरंतर 14 वर्षों से इस वटवृक्ष को संरक्षित करने लगातार पत्राचार, चर्चा, ज्ञापन, आवेदन देते आ रहे हैं। वर्ष 2010 से कैंपा अधिकारी बीके सिन्हा से प्रारंभ कर वर्ष 2023 तक जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी तक

डॉ पाणिग्राही बोले: 14 बरस से चीख रहे हैं हम लगातार, विश्व पर्यावरण दिवस से बायोडिवर्सिटी दिवस तक हर वर्ष करते हैं मांग

देते आ रहे है। गत वर्ष जैव विविधता दिवस के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम अरण्य भवन रायपुर में तत्कालीन वन मंत्री मोहम्मद अकबर को ज्ञापन देकर आमने सामने चर्चा कर संरक्षित करने की मांग की थी। उनके निर्देशानुसार जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी (अब सेवानिवृत) ने स्पष्ट कहा कि इस दिशा में हम जरूर कार्रवाई करेंगे। किंतु, एक वर्ष बाद वही हुआ जो हमेशा होता आया है।

डॉ पाणिग्राही ने अत्यंत ही क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के गौरव स्वरूप 400 वर्षीय वटवृक्ष अब दम तोड़ रहा है। अपने अंदर जैव विविधता को समेटे कभी एक एकड़ प्रक्षेत्र में फैला यह बरगद अब आधा एकड़ के अंदर सिमट गया है। यह देव वृक्ष है। जिसके नीचे बस्तरीन माता की स्थापना है। संरक्षण के अभाव में यह विलुप्त न हो जाए। डॉ पाणिग्राही ने कहा कि बामनसरा ग्रामवासी भी संरक्षण न होने के कारण भावनात्मक रूप से दुखी हैं। तत्कालीन केम्पा अधिकारी बीके सिन्हा के निर्देशानुसार अपनी भूमि स्वामी जमीन को बरगद संरक्षण के लिए वन विभाग को दान देने वाली मीरगिन बाई का परिवार भी ठगा महसूस कर रहा है। बामनसरा बरगद संरक्षण समिति, ग्रीन केयर सोसाइटी इंडिया, ग्रामवासी बामनसरा ने वन मंडलाधिकारी महासमुंद, वन संरक्षक, छत्तीसगढ़ बायोडायवर्सिटी बोर्ड से शीघ्र ही सकारात्मक कार्य करने की मांग की है।

बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृति की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

महासमुंद। नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा के 6 मई से 22 मई तक चलने वाले समर कैंप का समापन किया गया। समापन समारोह में बतौर अतिथि के रूप में शिक्षा विभाग रायपुर संभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर राकेश पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत, सहायक संचालक सतीश नायर, सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा, संस्था के प्राचार्य अमी रूफस उपस्थित थे।

अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति पर पुष्पांजली पूजा अर्चना की गई। ज्वाइंट डायरेक्टर राकेश पांडेय द्वारा समर कैम्प में बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृति की प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं बच्चों से सवाल भी किए। उन्होंने कलाकृतियों की प्रशंसा की। ज्ञात हो कि समर कैम्प में प्रतिदिन के लिए निर्धारित गतिविधियों के अनुसार

कार्य किया गया। जिसमें योगा, बेस्ट आउट आफ वेस्ट, मेंहदी, इंग्लिश सांग, जुम्बा डांस, स्टोरी टेलिंग, गायन, क्ले आर्ट आदि शामिल है। इसके अलावा विद्यार्थियों की रचनात्मक दक्षता में वृद्धि के लिएए अबेकस, स्टोरी टेलिंग, पर्सनाल्टी डवलपमेंट, साईंस गैम्स की गतिविधियां कराई गई।

समर कैंप को सफल बनाने में आकांक्षा जैन, नेहा सिंह, श्रुति श्रीवास्तव, रौनक अग्रवाल, ऋतुराज देवांगन, अंशुमाला बारिक, अंजू चंद्राकर, अंजलि कहार, मनीषा कन्नौजे, प्रेम यादव, प्रखर साहू, पूर्णिमा चंद्राकर ने भरपूर मेहनत किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक प्रमोद कुमार कन्नौजे, गोसाई राम टांडेकर, विकास यादव, दिव्येश वाणी, कीर्ति थवाईत, रूपा पांडेय उपस्थित थे। समर में संस्था के मोहन, झम्मन, प्रकाश, दुर्गा, दुलारी ने भरपूर सहयोग किया।

सिविल न्यायालय खोलने के लिए नपं अध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा

चारामा तहसील में सिविल न्यायालय खोलने की मांग को लेकर 17 मई को विधि विधायी मंत्री अरूण साव को नगर पंचायत अध्यक्ष चारामा प्यारे

- डस्टबीन क्रय करने की भी मांगी स्वीकृति
- शासन के पास काफी समय से लंबित है मामला

लाल देवांगन ने ज्ञापन सौंपा हैं। चारामा नगर केंद्र सरकार के 15 वे वित्त मद से विभिन्न जन मूलक निर्माण कार्यों व नगर में निवासरत लोगों को स्वच्छता सामग्री प्रदाय करने डस्टबीन क्रय करने की स्वीकृति देने माँग किया है।

नगर विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मिले चारामा नगर अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन और पूर्व उपाध्यक्ष नंद कुमार ओझा ने वार्ड क्रं 01 में स्टॉप डेम से एनएच तक टो वॉल सहित सीसी रोड, सरार तालाब



सौंदर्यीकरण के लिए भाटापारा तालाब सौंदर्यीकरण, डबरी तालाब सौंदर्यीकरण, गार्डेन निर्माण कार्य के लिए, देवांगन समाज भवन निर्माण कार्य के लिए, रेस्ट हाऊस में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए एवं तहसील मुख्यालय चारामा मे सिविल न्यायालय खोलने की मांग शासन के पास लंबित होने की जानकारी दिया। चारामा में वर्तमान मे तहसील न्यायालय एवं अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय संचालित हैं। चारामा के तहसील के 98 ग्रामो की आम जनता को सिविल न्यायालय संबंधित कार्यो पेशी अपील आदि के लिए 30 से 40 किमी दूर कांकेर के सिविल न्यायालय जाना पडता हैं।

इतने दूर आम जनता को आने जाने में समय एवं धन की अपव्यय होता हैं। कई बार लंबी दूरी के कारण समय पर न्यायालय नही पहुचने से पक्षकारो मामले खारिज हो जाने के साथ ही अनेक न्यायालीन परेशानी का सामना करना पडता हैं। चारामा में सिविल न्यायालय खोलने से आम जनता की परेशानी दूर होगी । भाजपा शासन के तत्कालिन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के चारामा तहसील के ग्राम दरगाहन आगमन के अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ताओ व नेताओ समेत जनपद अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष, व्यापारी संघ, पंच, सरपंचो एवं आम जनता के मांग पत्र पर एक फाइल तत्कालीन मुख्यमंत्री को सौंपी गई थी, तब उन्होंने इस मांग पर विचार कर कार्यवाही का आश्वासन दिया था। उसके पश्चात छग मे कांग्रेस की सरकार बन गई एवं कांग्रेस शासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गईं।

न्याय पाने 30-40 किमी का सफर करना पड़ता है तय

चारामा तहसील की आम जनता को न्याय प्राप्त करने के आज भी 30 से 40 किमी दूर कांकेर जिला मुख्यालय में स्थित सिविल कोर्ट जाना पडता हैं, जिससे जनता की समय व पैसे की बर्बादी होती है। आम जनता की इस लंबित माग पर विचार करते हुए चारामा मे सिविल कोर्ट स्थापना करने की माँग किया है।

छात्र- छात्राओं को विभिन्न विधाओं में किया जा रहा पारंगत, कौशल विकास पर भी जोर

भानुप्रतापपुर। क्षेत्र के समस्त शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं में सुबह 7:30 बजे से 10 बजे तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

- माध्यमिक शालाओं में समर कैंप का आयोजन

संकुल प्राचार्य शोभिराम कचलाम व संकुल समन्वयक प्रीतम उइके के कुशल मार्गदर्शन में प्रतिदिन परवी संकुल के अंतर्गत के स्कूल में कैंप लगाया जा रहा है। संकुल प्राचार्य शोभिराम कचलाम ने बताया कि शासन प्रशासन के निर्देशानुसार संकुल केंद्र परवी में दस दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें स्थानीय स्तर के लोगों को भी आमंत्रित कर बच्चों को विभिन्न विधाओं में पारंगत किया जा रहा है। संकुल समन्वयक प्रीतम उइके ने बताया कि 20 मई से 30 मई तक दस अलग अलग प्रकार से शेड्यूल तैयार किया गया है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

जिसका परिपालन संकुल के अंतर्गत आने वाले समस्त शालाओं में किया जा रहा है। शासकीय माध्यमिक शाला केवटी के प्रधानपाठक के.आर.खड़े ने बताया कि समर कैम्प के माध्यम से बच्चों के अंदर विभिन्न प्रकार के प्रतिभा होती है जिसे निखारने का प्रयास किया जा रहा है,जैसे चित्रकारी,संगीत कविता पाठ,क्राप्ट बनाना। शासकीय प्राथमिक शाला परवी के प्रधानपाठक अनिल भगाड़े ने बताया कि आज समर कैम्प में बच्चों की उपस्थिति अच्छी थी। लगातार बच्चे समर कैम्प में आ रहे हैं आज बच्चों को विभिन्न प्रकार के खेलों के बारे में बताया गया और बच्चों ने कबड्डी खेल व कुर्सी दौड़ खेल का आनंद लिया। शासकीय प्राथमिक शाला केवटी के प्रधान पाठक ठानेश्वरी साहू ने बताया की बच्चों को प्रतिदिन अलग अलग विधाओं में निपुण किया जा रहा है। आज बच्चों को चित्रकारी करवाया गया जिससे बच्चे अनेकों प्रकार के चित्र बनाना सीखेंगे।

शासकीय बंधिया पारा परवी के प्रधान पाठक जमुना कोड़ोपी ने बताया कि भीषण गर्मी के बावजूद बच्चे समर कैम्प पहुंचकर पुनः पढ़ना लिखना सिख रहे हैं। आज समर कैम्प में बच्चों को कविता लिखना व कविता पाठ करवाया गया। शासकीय प्राथमिक शाला जनकपुर के प्रधान पाठक श्री अर्जुन तेता ने बताया कि बच्चों के अंदर असीमित प्रतिभा है जिसे निखारने का कार्य समर कैम्प के माध्यम से किया जा रहा है, आज बच्चों ने स्थानीय खेल के रूप में फुगड़ी का खेल खेला,शासकीय प्राथमिक शाला खड़का के प्रधान पाठक सगनु राम कावड़े ने बताया कि समर कैम्प में वनांचल के बच्चे भीषण गर्मी में स्कूल आकर अपनी प्रतिभा को निखारने का प्रयास कर रहे हैं। आज बच्चों ने आकर्षक नृत्य कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समूह में पत्र लेखन कार्य कराया गया

शासकीय प्राथमिक शाला पटेलपारा केवटी के प्रधान पाठक यसुदास बैरागी ने आज बच्चों को समूह में पत्र लेखन कार्य करवाया। शासकीय झाला पारा खड़का के प्रधान पाठक गंगा कोमरे ने बताया कि शासन प्रसाशन के निर्देशानुसार समर कैम्प का आयोजन कर रहे हैं। जिसमे समस्त शिक्षकों व पालकों का सहयोग मिल रहा है। बच्चे समर कैम्प में पहुंच रहे हैं। शासकीय प्राथमिक शाला भुरका के प्रधान पाठक अश्वनी रावटे ने बताया कि समर कैम्प में बच्चे पढ़ना लिखना खेलना सबकुछ सीख रहे हैं। शासकीय प्राथमिक शाला हरहरपानी के प्रधान पाठक धर्मीला खड़े ने बताया कि बच्चों के अंदर आपसी सहभागिता का विकास किया जा रहा है। बच्चे मिलजुलकर खेल रहे हैं, पढ़ रहे हैं।

ड्राप आउट बच्चों की खोज के लिए होगा ग्रामवार सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

जिले में शून्य से 14 एवं 15 से 18 आयु संवर्ग के बच्चों का आंकलन एवं शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आगामी 10 जून तक ग्रामवार, बसाहटवार, मोहल्ला एवं टोलावार सर्वे किया जा रहा है। ज्ञात हो कि यू डाईस डेटा 2022-23 एवं 2023-24 के अनुसार लगभग 03 हजार 300 से अधिक बच्चे जिले में ड्राप आउट की स्थिति में दर्शित है। ड्राप आउट की स्थिति को दूर करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समग्र शिक्षा के माध्यम से जिले के प्रत्येक ग्रामों का सर्वे करने का निर्णय लिया गया है।

आंगनबाड़ी में 3 से 5 आयु संवर्ग एवं प्राथमिक एवं माध्यमिक में क्रमशः 06 से 14 आयु संवर्ग एवं हाई व हायर सेकंडरी के लिए 15 से 18 आयु संवर्ग के प्रत्येक बच्चों का चिन्हांकन कर शाला में प्रवेश दिलाया जा सके। खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे एवं बीआरसी लतीफ सोम ने बताया कि विकासखंड दुर्गुकोंदल के 257 शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक मुख्यालय में दिया गया है, जिसमें प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी, स्कूल के शिक्षक

शत- प्रतिशत बच्चों को दिलाया जाएगा प्रवेश

सर्वे से ज्ञात हुए बच्चों की सूची सभी प्रधानाध्यापकों एवं निचले स्तर पर उपलब्ध कराया जाकर शत-प्रतिशत बच्चों को शाला में प्रवेश दिलाया जाएगा। नवीन शैक्षणिक सत्र में सभी छात्रों के प्रवेश उपरांत विद्यालय में निरंतरता बनाए रखने के लिए रणनीति तैयार की गई है।

शिक्षिकाएं प्रशिक्षण में सम्मिलित होकर सर्वे संबंधी मास्टर ट्रेनर्स, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजली मंडावी, बीआरसी लतीफ सोम, संकुल समन्वयक शंकर दास नागवंशी के द्वारा बारीकी से विस्तार से जानकारी दी गई।

सर्वे कार्य में भाग लेने वाले शिक्षकों के लिए प्रत्येक वर्ग के लिए सर्वे फार्मेट जनरेट कर उपलब्ध कराया गया है साथ ही सभी शिक्षकों की ड्यूटी लगाकर सर्वे के लिए दायित्व सौंपा गया है। सर्वे प्रत्येक घर का होगा एवं सर्वे उपरांत उस घर में एसएसए समग्र शिक्षा अभियान नीला या गेहुंआ कलर से अंकित कर क्रमांक दर्शित किया जाएगा। सर्वे से जहां नव प्रवेशी, शाला अप्रवेशी, शाला त्यागी, दिव्यांग छात्रों, पलायन करने वाले छात्रों, निजी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों की जानकारी एकत्र कर इन बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा।

कार की लाइट के चक्कर में स्कूटी चालक हुआ अनियंत्रित

कांकेर। शीतलापारा से रामनगर मार्ग में बुधवार 22 मई की देर शाम लगभग 6 बजे के आसपास स्कूटी चालक सामने से आ रही कार की लाइट देख अनियंत्रित हो गया। सामने से आ रही मोटर सायकल से टकरा गया, जिसमें स्कूटी चालक घायल हो गया। जिसे एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीटी 0710 का चालक लक्ष्मीनारायण निवासी ठेलकाबोड़ कांकेर शहर से काम निपटाकर अपने घर ठेलकाबोड़ जा रहा था। रामनगर के पहले भैरव मंदिर के पास सामने की ओर से आ रही कार के चालक की कार की लाइट देखकर स्कूटी चालक अनियंत्रित हो गया और रांग साइड जाकर सामने की ओर से आ रही मोटर सायकल से टकरा गया। स्कूटी चालक टकराकर जमीन पर गिर गया और उसके सिर से खून बहने लगा। कार चालक और मोटर सायकल चालक एक्सीडेंट को देखने के उपरांत घटनास्थल पर नहीं रूके। उस मार्ग से गुजरने वाले रामनगर निवासी जागरूक नागरिक श्री सोनी ने हरिभूमि को काल करके घटना की जानकारी दिया। हरिभूमि ने सड़क दुर्घटना में घायल की मदद के लिए सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे को जानकारी दिया।

- बाइक से टकराकर हुआ घायल

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप

गंदगी से बजबजाती खिलोरा पंचायत की नालियां

बलौदाबाजार। ग्राम पंचायत खिलोरा जहां पर आम लोग की सुविधा के लिए पक्की सड़क और नाली का निर्माण तो किया गया है, किंतु नाली की सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। वहीं सफाई का कार्य सिर्फ कागजी कार्यवाही में ही सिमट कर रह गया है। ग्राम पंचायत खिलोरा में निवासियों द्वारा वार्ड पंच, रोजगार सहायक, सचिव व सरपंच को ग्रामीणों द्वारा सफाई के लिए बार-बार बोला गया लेकिन उनके द्वारा अनदेखी की जा रही है। लोगों की शिकायत को पंचायत प्रतिनिधि भी अनदेखी कर रहे हैं। इससे आम लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ रही है। गौरतलब है कि स्वच्छ भारत की तहत सरकार लाखों रुपए पंचायत में खर्च करती है, जिससे आमलोगा को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सके, इसके बावजूद भी नाली की सफाई ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा नहीं करायी जा रही है।

लूटपाट करने वाले चार आरोपी किए गए गिरफ्तार

महासमुंद। सांकरा थाना क्षेत्र में लूटपाट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 19 मई को हेमकुमार साहू पिता जीतराम साहू (28) निवासी बुटीपली ने रिपोर्ट लिखाई थी कि धरमपुर कंचनपुर के बीच कच्ची रोड के पास कुछ अज्ञात लोग रास्ता रोककर मारपीट किए एवं नगद रकम लूट लिया। सूचना पर थाना सांकरा स्टाफ द्वारा खोजबीन कर चार संदेहियों से पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान अपराध कबूल करने पर आरोपी परमानंद पटेल पिता हीरालाल पटेल (35) निवासी नवा गांव थाना बसना, नैनिष पटेल पिता घुराउ लाल (24), अजय साव पिता गोकुल साव (23) तथा मनीष बाघ पिता स्व छोटेलाल बाघ (20) तीनों निवासी बगारदरहा थाना सांकरा एव अन्य पर अपराध धारा 341,394,34 कायम कर विवेचना में लिया गया प्रकरण में आरोपियो के कब्जे से दो मोटर सायकल कीमत 75 हजार व तीन नग मोबाईल कीमत 22 हजार एवं नगदी रकम 58300 रुपए कुल कीमत 1,55,300 रुपए जब्त किया गया। आरोपियों से फिलहाल पूछताछ जारी है।

महुआ शराब जब्त

महासमुंद। सरायपाली पुलिस ने ग्राम बिछिया के साप्ताहिक बाजार के पास से आरोपी ओमप्रकाश चौहान पिता श्रवण चौहान (26) निवासी वार्ड 10 बिछिया के कब्जे से 9000 एमएल महुआ शराब कीमत 1800 रुपए जब्त किया है।

निधन

लोचन साहू

रायपुर/भाटापारा। ग्राम दौरेंगा निवासी लोचन साहू 85 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम में किया गया। वे शत्रुहन और रामायण साहू के पिताजी, हजारी के बड़े पिताजी तथा लोकेश, परमेश्वर, नीलकंठ, गोकुल व महेंद्र के दादाजी थे।

प्रधान न्यायाधीश ने जिला जेल बलौदाबाजार का किया निरीक्षण

जेल में विचारधीन बंदियों को मिले बुनियादी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

प्रधान न्यायाधीश राकेश बिहारी घोरे ने 22 मई को जिला जेल बलौदाबाजार का निरीक्षण किया। उक्त निरीक्षण में विचारधीन बंदियों को दी जाने वाली सुविधाओं, पाकशाला की सफाई, स्वास्थ्य जांच हेतु ओपीडी कक्ष, उनके रहने के स्थान की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, स्नानागार एवं शौचालय की साफ सफाई का निरीक्षण किया गया।

जेल निरीक्षण में बैरक के अंदर निर्माणधीन शौचालय का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने एवं अतिरिक्त पाकशाला बनवाये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए, जिससे वहां रह रहे विचारधीन बंदियों को बुनियादी सुविधा मिल सके।

जेल में पेयजल व्यवस्था के लिए पाइप लाइन व बंदियों से मिलने आने वाले उनके परिजनों के लिए जेल के बाहरी परिसर में शेड का निर्माण जल्द किये जाने का संबधित अधिकारियों को निर्देशित कि, ताकि दूर दराज से आये परिजन को गर्मी से राहत मिल सके। जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरा व न्यायालय की आवश्यक कार्यवाही के लिए जेल परिसर से वीसी के माध्यम से दी जाने वाली सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिरण द्वारा संचालित योजनाओं में ऐसे बंदी जिनके पैरवी हेतु अधिवक्ता नहीं उनको निःशुल्क अधिवक्ता दिलाया जाना एवं अधिक से अधिक विधिक सहायता दी जाना, जिससे कोई भी बंदी न्याय से वंचित न रहे सके, की जानकारी बंदियों को दी गई।

अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव

समय सीमा के बैठक में कलेक्टर ने कार्यों और प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर लंबित आवेदनों के क्रमवार निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद, नगरीय निकाय, वन, राजस्व, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस, सहकारिता, जनसंपर्क, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, खाद्य, विद्युत कंपनी, अपेक्स बैंक सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों पर चर्चा कर त्वरित निराकरण करने कहा।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आगामी 4 जून को लोकसभा निर्वाचन की मतगणना होनी है। इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण, टेबल रनर, माइक्रो आब्जर्वर, गणना करने वाले अधिकारियों-कर्मचारी की व्यवस्था, ड्यूटी, परिचय पत्र जारी करने, पत्रकारों के मीडिया पास आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही एसडीओपी अविनाश मिश्रा और पीडब्ल्यूडी अधिकारी को परिसर में पंडाल, बेरिकेटिंग, आगमन-बहिर्गमन, सुरक्षा का लेआउट तैयार करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सीएमओ राजेश पांडेय को मतगणना परिसर का सफाई करने के लिए निर्देश दिए।

बीईओ नरेश चौहान ने बताया कि 18 जून के आसपास स्कूल प्रारंभ होगी। इसके पूर्व स्कूल में मरम्मत कार्य को पूरा कर लिया जाए। कलेक्टर ने जिले के शिक्षकों को स्पष्ट रूप से कहा कि वे अपने स्कूलों में नियमित रूप से अध्यापन कराये। कोई बहाना नहीं चलेगा। यदि किसी स्कूल में दो शिक्षक पदस्थ हैं और वो स्वयं ड्यूटी निर्धारित कर एक दिन अनुपस्थित रहते हैं तो उनके अनुपस्थिति पर मैं कार्यवाही करूंगा। बैठक में एसडीएम वासु जैन, डॉ. स्निग्धा तिवारी, अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, हरिशंकर चौहान, सीएमएचओ अवधेश पाणिग्राही सहित सभी प्रमुख शासकीय विभागों के आला अधिकारी उपस्थित थे।

बच्चों की उनके गुणों से होती है पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़

बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने एवं नैतिक शिक्षा को सामान्य आदत में शामिल करने के उद्देश्य से आयोजित समर कैंप का उद्घाटन राजयोगिनी बीके मंजू दीदी नगर राम नारायण देवांगन, विवेकानंद पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर बनवारी लाल साहू ने किया।

इस अवसर पर बीके मंजू ने सभी बच्चों को अनेक महापुरुषों का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य के अंदर कोई ना कोई विशेष गुण होते हैं। जब हम अपने उन गुणों का अनुसरण करते हुए पुण्य कर्म करते रहते हैं तो यही पुण्य कर्म हमें महापुरुषों की श्रेणी में ले जाता है, इसलिए कभी भी अपने विशेष गुणों को दबने नहीं देना चाहिए, बल्कि पुण्य कर्म करते हुए जागृत करते रहें।

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में पांच दिवसीय समर कैंप जारी

विवेकानंद पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर बनवारी लाल साहू ने ब्रह्माकुमारी संस्था सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत सराहनीय और प्रशंसनीय कार्य है। यहां आने से जो शांति मिलती है, उसकी जरूरत सबको है, इससे मानसिक बीमारी नष्ट होती है और मनोबल बढ़ता है। अतः सभी वर्ग के लोगों को यहां आकर लाभ अवश्य लेना चाहिए। गौरतलब है कि ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र पर 20 से 24 मई तक यह समर कैंप संचालित हो रहा है, जिसमें सभी बच्चे हिस्सा ले रहे हैं।

उमस भरी गर्मी के साथ बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भवानीपुर

अंचल में लगातार उमस भरी गर्मी के साथ बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान है। ग्राम भवानीपुर, खपरी, रीवाडीह, चरौदा, बम्हनी, भरुवाडीह, वटगन, जुनवानी, तमोरी, गिधपुरी, मलपुरी, साहाडा, हरिनभट्ठा, बोदा, मोहन सहित विभिन्न ग्रामवासी भीषण गर्मी व उमस भरे इस मौसम में गांव में प्रतिदिन कई बार लोगों को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता हैं। लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान कर रखा है, ऊपर से बिजली की आंख मिचौली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है। रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल होती है। एक दिन में आठ से दस बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है और रात के वक्त लो वोल्टेज के कारण कूलर व पंखे काम करना बंद कर देते है। बिजली की इस आंख मिचौली के कारण छोटे-छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसका कोई समय सारणी ही नहीं है। बिजली कटौती ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। धान की फसल एवं सब्जी बाड़ी करने वाले किसानों को ज्यादा नुकसान का सामना करना पड़ता है। बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह स्थिति क्षेत्र में लगातार बनी हुई है। गर्मी के मौसम में लोगों को नियमित रूप से बिजली नहीं मिलने से परेशानी और भी बढ़ गई है।



शिवमहापुराण कथा की पूर्णाहुति में शामिल हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़

ग्राम खुरसुला में शिवदयाल साहू के घर शिवमहापुराण कथा 16 मई को कलश यात्रा, वेदी पूजन शिव महात्म्य की कथा के साथ प्रारम्भ होकर 21 मई तक चली और 22 मई को पूर्णाहुति हुई। कथा व्यास रामचन्द्र पाण्डेय थे और कथा के चतुर्थ दिवस शिव पार्वती विवाह के दिन ऐश्वर्या पुत्री शिवदयाल साहू ग्राम खुरसुला की विवाह चिरंजीव दानीराम पुत्र स्वर्गीय त्रिलोकी साहू ग्राम फूलवारी जिला बलौदाबाजार के साथ 19 मई को शिवमहापुराण मण्डप में संपन्न हुआ। सभी रिश्तेदार एवं खुरसुला निवासी श्रोतागण उपस्थित होकर नव वर-वधू को नवदांपत्य जीवन में प्रवेश की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किए। कथा के षष्ठम दिवस पर वृंदा चरित्र, पार्वती के पसीने से अंधक का जन्म, गजासुर की कथा, नंदी जन्म, हनुमत काल भैरव चरित्र, द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा सुनाई गई।

समर कैंप में बच्चों को प्रोत्साहित कर रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़

शासन के निर्देशानुसार ब्लॉक बिलाईगढ़ के विभिन्न स्कूलों में शिक्षकों द्वारा समर कैंप का संचालन किया जा रहा है। इसी के तहत पीएलसी बिलाईगढ़ द्वारा ब्लॉक के कई स्कूलों में भी समर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। ब्लॉक पीएलसी प्रमुख शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन द्वारा समर कैंप में उपस्थित बच्चों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

विकासखंड बिलाईगढ़ के प्राथमिक शाला चुरैला, प्राथमिक शाला डोकरीडीह, मिडिल स्कूल डोकरीडीह के समर कैंप में बच्चों को पेन, स्केच पेन, कलर पेंसिल, ड्राइंग शीट देकर बच्चों को प्रोत्साहित किया तथा समर कैंप के बेहतर संचालन हेतु चुरेला प्रधानपाठक क्षमा साव ने बच्चों को टिप्स दिए। प्रधानपाठक क्षमा साव ने बताया कि वो पिछले तीन सालों से समर कैंप चला रही हैं, किंतु आजतक किसी भी अधिकारी द्वारा अवलोकन नहीं किया गया है। आज राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक ने समर कैंप में उपस्थित होकर हमें सुझाव मार्गदर्शन और बच्चों को शैक्षिक सामग्री दिए।

समर कैंप में बच्चों को मिल रहा विभिन्न गतिविधियों का हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

भरत देवांगन उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय खरोरा में समर कैंप का आयोजन प्रातः 8 बजे किया गया, जिसमें शाला के अध्यापकों के मार्गदर्शन में छात्रों से विविध प्रकार की गतिविधियां कराई गई। जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होंगी। इन गतिविधियों में छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता भी परिलक्षित हो रही है। योगेन्द्र त्रिपाठी द्वारा छात्रों को शतरंज, कैरम तथा योगासन एवं स्किपिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इस समर कैंप में क्ले मॉडलिंग में यशस्वी साहू, मेघा यादव, जानवी देवांगन लेखा साहू, लियो देवांगन, सुरभि कौशिक, बेस्ट ऑफ वेस्ट (पेपर बैग) में मीनल यादव, जियारानी पाल, एवं खुशी साहू ने भाग लिया। डांसिंग में यशस्वी देवांगन, लतिका वर्मा, भूमिका साहू, शतरंज में मयंक देवांगन, दुष्यंत देवांगन, कैरम में मृत्युंजय कुंभकार, कान्हा मिश्रा, योगासन में होशिल चौहान, सुरभि कौशिक, प्रेरणा देवांगन, धनराज साहू, एवं निति देवांगन ने इस समर कैंप में हिस्सा लिया। इस कैंप में अंकुति भिड़े, प्रीति मिश्रा, पारुल रजोरिया, रूपशिखा साहू, पावित्री साहू, अजय कुर्रे, शेष शर्मा, आकाश परिहार, अमर बर्मन, प्रवीण पाटिल शामिल रहे।

एजेंसी देना है

हरिभूमि समाचार पत्र में बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के अंतर्गत भाटापारा, अर्जुनी, करही बाजार, निपनिया, रोहरा, सेल, गिरौदपुरी, बलौदा, दामाखेड़ा, भैंसा, बया, रीवासरार में एजेंसी देना है।

समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति शीघ्र संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय, टिकरापारा
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) मो. 8370049468

आवश्यक सूचना

हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना

के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि जिला कार्यालय बलौदाबाजार में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।

उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करने का समय सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय
भाटापारा रोड, बस स्टैण्ड, बलौदाबाजार
मो. 9425522544, 8370049468

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd

TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi.

Baloda Bazar To	Zest	Crysta	Today Offer
Raipur Airport	1499	2999	999
Nagpur / Jabalpur / Ambikapur	4999	7999	2999
Sambalpur / Bargarh / Blangir	3999	7999	1999

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है...
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:- स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411